कार्यालय प्राचार्य, शास. पं.ज.ला.ने. कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा
College Code – 1701 जिला – बेमेतरा (छ0ग0) AISHE Code – C-21757
{E-mail – pgcollegebemetara@rediffmail.com} {Ph. No. & Fax No. – 07824-222269}

बेमेतरा, दिनांक 14.09..2022

-: संतूर छात्रवृत्ति सूचना :-

अध्ययन सत्र 2022-23 में महाविद्यालय में प्रवेशित प्रथम वर्ष के छात्राओं (बालिकाओं) को सूचित किया जाता है कि संतूर छात्रवृत्ति योजना हेतु आवेदन दिनांक 16.09.2022 से 30.09.2022 तक किया जा सकता है।

नियम और शर्तें:

आवेदक के लिए निम्नलिखित नियमों और शर्तों को पूरा पढ़ना अनिवार्य है। आवेदन जमा करने पर उम्मीदवार द्वारा नियमों और शर्तों को स्वीकार कर लिया गया है, यही माना जाएगा।

1. यह फॉर्म वर्ष 2022-23 में संतूर स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत अनुदान का आवेदन करने के लिए है। जो छात्राएं बारहवीं के बाद कम से कम तीन साल की अवधि के लिए किसी भी विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहती हैं, यह अनुदान उन्हें दिया जाएगा।
2. योग्यता मापदंड

   आवेदन करने के लिए निम्नलिखित योग्यता होना आवश्यक है

   - शैक्षणिक वर्ष 2021-22 में किसी भी सरकारी स्कूल/कॉलेज से बारहवीं/इंटर सफलतापूर्वक पूरा किया हो
   - सरकारी स्कूल में अपनी दसवीं कक्षा पूरी की हो
   - किसी भी मान्यता-प्राप्त शैक्षणिक संस्थान में 2022-23 से पूर्णकालिक मान्यता-प्राप्त डिग्री प्रोग्राम में दाखिला लिया हो। डिग्री की अवधि 3 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
3. अनुदान का ऑफर तब तक अस्थायी है, जब तक ऊपर बताए सभी दस्तावेज़ जमा नहीं किए जाते।
4. कोई भी आवेदन जो मापदंडों पर खरे नहीं उतरते, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा।
5. विप्रो केयर्स स्कॉलरशिप से संबंधित सभी अधिकार सुरक्षित रखता है और वह बिना कोई कारण बताए ऑफर को अस्वीकार/वापस लेने और/या बंद करने का भी अधिकार रखता है। कोई अन्य निकाय/एजेंसी संतूर स्कॉलरशिप पर किसी भी प्रकार का ऑफर देने का अधिकार नहीं रखती।
6. स्कॉलरशिप के लिए उम्मीदवारों के चयन से संबंधित विप्रो केयर्स का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।

आवेदन पत्र भरने से पहले कृपया निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें:

1. बॉल पॉइंट/जेल पेन का इस्तेमाल करें एवं सभी विवरण बड़े अक्षरों में भरें और सभी सेक्शनों को पूरा करें।
2. आवेदकों को निम्नलिखित दस्तावेज़ों के साथ आवेदन पत्र जमा करना आवश्यक है:
   - आवेदन पत्र में दिए गए स्थान पर अपना पासपोर्ट साइज़ फोटो चिपकाएं।
   - केवल छात्रा के बैंक पासबुक विवरण ही स्वीकार किए जाएंगे। ग्रामीण बैंक के पासबुक पर विचार नहीं किया जाएगा।
   - छात्रा के कॉलेज/सरकार द्वारा जारी आईडी की फोटोकॉपी
   - दसवीं कक्षा का प्रमाणपत्र
   - कक्षा बारहवीं/इंटर का प्रमाणपत्र या अस्थायी प्रमाणपत्र, परीक्षा हॉल का टिकट

छात्राएं नीचे दिये लिंक से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते है –

https:/santoorscholarships.com/index.php

(डॉ. पी.पी. चन्द्रवंशी)
प्राचार्य
शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा
जिला–बेमेतरा (छ0ग0)